आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 21.06.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है।
- उप राज्यपाल ने योग दिवस पर सभी द्वीपवासियों को योग सत्र में भाग लेने की अपील की है।
- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज श्रीनगर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेंगे।
- केंन्द्र सरकार ने चौदह फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने का निर्णय लिया है।
- एम वी सिंधु कल सुबह आठ बजे मायाबंदर और डिगलीपुर होते हुए कोलकाता जाएगा।

<><><><><><><>

आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। इस अवसर पर उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने अपने संदेश में कहा कि योग अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण को प्राप्त करने की सार्वभौमिक आकांक्षा का प्रतीक है। यह संतुलन की स्थिति का प्रतिनिधित्व करता है और प्राचीन काल से ही हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग रहा है। मानसिक और शारीरिक अनुशासनों को मिलाकर, योग विभिन्न आसनों के माध्यम से शरीर के लचीलेपन को बनाए रखने में मदद करता है। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने विशेषज्ञों के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दौरान एकरूपता और सामंजस्य सुनिश्चित करने के लिए "कॉमन योग प्रोटोकॉल" विकसित किया है। "कॉमन योग प्रोटोकॉल" में योग निद्रा, प्राणायाम और ध्यान जैसी योग तकनीकों के माध्यम से शांति, सद्‌भाव और कल्याण प्राप्त करने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दैनिक योग अभ्यास शामिल हैं। मंत्रालय ने सार्वजनिक उपयोग के लिए "कॉमन योग प्रोटोकॉल" वीडियो, नमस्ते योग ऐप, वाई–ब्रेक ऐप, योग कैलेंडर और योग शब्दकोश जैसे डिजिटल संसाधन भी बनाए और प्रचारित किए हैं। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वयं और समाज के लिए योग" है, जो हमारे जीवन और वैश्विक समुदाय पर योग के गहन प्रभाव पर केंद्रित है।

उप राज्यपाल ने कहा कि योग एक समग्र अभ्यास के रूप में भौगोलिक सीमाओं से परे जाएगा और लोगों को समग्र मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य और कल्याण की खोज में एकजुट करेगा।

अपनी वैश्विक पहुंच के अलावा, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ग्राम पंचायतों, ग्राम सभाओं और नगर निकायों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से भारत के प्रत्येक शहर और गांव में योग लाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

इस सिलसिले में द्वीपसमूह के छियालीस प्रमुख स्थलों पर योगाभ्यास किया जा रहा है। मुख्य समारोह पोर्ट ब्लेयर के गर्ल्स स्कूल सभागार में आज आयोजित हो रहा है। द्वीपसमूह में ज़िला प्रशासन और ज़िला स्वास्थ्य सोसाइटी की ओर से संबंधित जिलों के विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास और निदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सभी स्वास्थ्य संस्थानों, विभिन्न केन्द्र सरकार के कार्यालयों, संगठनों और गैर–सरकारी संगठनों की ओर से भी अलग–अलग स्थानों पर दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। सभी सरकारी कर्मचारियों और आम जनता से अपने नजदीकी स्थानों में योग सत्र में भाग लेने का अनुरोध किया गया है।

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी ग्राम पंचायत प्रधानों को लिखे अपने पत्र में उनसे योग और मोटा अनाज के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता उत्पन्न करने का अनुरोध किया है।

उधर, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आज श्रीनगर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के सिलसिले में आकाशवाणी से इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर आज सुबह छः बजकर चालीस मिनट से इस कार्यक्रम को रिले करेगा।

<><><><><><><><>

केन्द्र सरकार ने चौदह फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने, महाराष्ट्र का वधावन बंदरगाह और गुजरात तथा तमिलनाडु में समुद्र तट के पास पहला पवन टर्मिनल विकसित करने का निर्णय लिया है। सरकार ने वाराणसी हवाई अड्डे के विकास और राष्ट्रीय फोरेंसिक बुनियादी ढांचा संवर्धन योजना को भी स्वीकृति दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने कैबिनेट बैठक में पांच बड़े फैसले लिये हैं। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने चौदह फसलों पर विपणन सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एम एस पी को स्वीकृति दी है। धान, कपास, बाजरा, दलहन, तिलहन के लिए न्यूनतम

समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि से किसानों को लाभ होगा। उन्होंने बताया कि सरकार देशभर में दो लाख गोदाम बनाने पर भी काम कर रही है।

<><><><><><><>

सरकार ने जून दो हजार चौबीस यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द कर दी है। यह परीक्षा बाद में नए सिरे से आयोजित की जाएगी, जिसकी जानकारी अलग से दी जाएगी। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा दी गई जानकारी के बाद यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द की गई है, क्योंकि परीक्षा की विश्वसनीयता से समझौता नहीं हो सकता। यह मामला गहन जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपा जा रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अट्ठारह जून को देश के विभिन्न शहरों में दो पालियों में यूजीसी–नेट परीक्षा आयोजित की थी। गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र की राष्ट्रीय साइबर अपराध विश्लेषण इकाई को परीक्षा में गड़बड़ी की कुछ जानकारी मिली थी, जिसके बाद इसे रद्द कर दिया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैंकिंग क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की भूमिका की सराहना की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म माई जी ओ वी इंडिया पोस्ट में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लाभ अर्जन दर्शाए जाने पर इसकी प्रशंसा की। आंकड़ों के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक का दो हजार तेरह–चौदह में दस हजार आठ सौ करोड़ रुपये से अधिक का लाभ बढ़कर दो हजार तेईस–चौबीस में इकसठ हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया। सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य बैंकों ने भी पिछले दस वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। इसके अलावा पिछले साल निफ्टी पीएसयू बैंक सूचकांक में बयासी प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई।

<><><><><><><>

एम वी सिंधु कल सुबह आठ बजे मायाबंदर और डिगलीपुर होते हुए कोलकाता जाएगा। अतिरिक्त सामान की जांच आज दिन में दो बजे से चार बजे तक की जाएगी। यात्रियों की स्वास्थ्य परीक्षा कल सुबह छः बजे से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं, बेसहारा महिलाओं और दिव्यांगजनों को ढाई हजार तथा तीन हजार रूपये प्रतिमाह की दर से पेंशन व वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। ये लाभ प्राप्त करने के लाभार्थियों से निर्धारित प्रपत्र में जीवन प्रमाणपत्र जमा करने को कहा गया है। इसके लिए प्रपत्र सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, डॉलीगंज स्थित शहरी

सी डी पी ओ के कार्यालय के अलावा फरारगंज, रंगत, डिगलीपुर और कार निकोबार के कार्यालयों में उपलब्ध है। लाभार्थियों से नजदीकी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के समक्ष जीवन प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर कर इसे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को सौंपने का अनुरोध किया गया है, ताकि संबंधित क्षेत्रों के मुख्य सेविका के माध्यम से इसे सी डी पी ओ कार्यालय में जमा किया जा सके। लाभार्थी प्रपत्र के साथ हस्ताक्षरित जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए किसी भी कार्यालय में जाने के बजाय सिर्फ नजदीकी आंगनवाड़ी केन्द्र में जाकर इसे जमा कर सकते हैं। चलने–फिरने में असमर्थ लाभार्थी फार्म जमा न कर सकने की स्थिति में इसकी सूचना आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को दे सकते हैं, ताकि समाज कल्याण विभाग का प्रतिनिधि उनके घर जाकर जीवन प्रमाणपत्र हासिल कर सके। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पास प्रमाणपत्र पन्द्रह जुलाई तक जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद जीवन प्रमाणपत्र जमा न करने पर पेंशन लाभ रोक दिया जाएगा।

**<><><><><><><>**